# > समाजशास्त्र का समय

अंतर्राष्ट्रीय समाजशास्त्रीय संघ (आईएसए) द्वारा

एक ऐसे समय में जब राजनेता विज्ञान में अविश्वास को बढ़ावा दे रहे हैं और सामाजिक विज्ञानों पर हमले बढ़ रहे हैं;

एक ऐसे समय में जब फर्जी खबरें शोध–आधारित विश्लेषण की तुलना में अधिक व्यापक और अधिक प्रभावशाली रूप से प्रसारित हो रही हैं;

एक ऐसे समय में जब कई राजनीतिक नेता नफरत फैलाने वाले भाषण फैला रहे हैं और आबादी के एक हिस्से को पूर्ण नागरिकता के अधिकार से वंचित कर रहे हैं;

एक ऐसे समय में जब लोगों की संपूर्ण श्रेणियों का अमानवीयकरण एक बार फिर सत्ता का दावा करने और उसे मजबूत करने का एक व्यापक साधन बनता जा रहा है;

एक ऐसे समय में जब प्रणालीगत पर्यावरणीय और सामाजिक आपात स्थितियों को खारिज करने के लिए वैज्ञानिक प्रमाणों को नकारा जा रहा है;

एक ऐसे समय में जब नरसंहार, प्रणालीगत हिंसा और नस्लवाद के खिलाफ बोलने वालों का राज्य दमन कर रहे हैं;

एक ऐसे समय में जब धन का अभूतपूर्व संकेंद्रण कुछ करोड़पतियों को बड़े पैमाने पर मास और सोशल मीडिया को नियंत्रित करने की अनुमति देता है;

एक ऐसे समय में जब मानवता परस्पर जुड़े वैश्विक संकटों का सामना कर रही है जो आने वाली पीढ़ियों के जीवन का निर्धारण करेंगे;

एक ऐसे समय में जब स्थापित लोकतंत्रों में भी, शैक्षणिक स्वतंत्रता खतरे में है;

हमारा मानना है कि सामाजिक वैज्ञानिकों द्वारा आलोचनात्मक हस्तक्षेप पहले से कहीं अधिक आवश्यक है।

और हम –शोधकर्ताओं, शिक्षकों और जन बुद्धिजीवियों के रूप में अपने कार्य के मूल में निहित मूल्यों और प्रतिबद्धताओं की पुनः पुष्टि करते हैं।

हम निम्नलिखित के पक्ष में हैं:

- तथ्यों और विश्लेषण पर आधारित एक **कठोर समाजशास्त्र**, जो सरलीकृत आख्यानों को अस्वीकार करता है और दुनिया की जटिलता को स्वीकार करता है;
- एक **स्वतंत्र समाजशास्त्र** जो हमें याद दिलाता है कि शक्तिशाली लोगों के शब्द हमेशा सच नहीं होते, और हजार बार दोहराया जाने वाला झूठ, झूठ ही रहता है;
- एक **आलोचनात्मक समाजशास्त्र** जो बढ़ती असमानताओं पर प्रश्न उठाता है और स्व–निर्मित व्यक्ति के मिथक, बाजारों और उपभोक्तावाद पर सरलीकृत जोर, और अल्फा पुरुषत्व को चुनौती देता है;
- एक **सार्वजनिक समाजशास्त्र** जो नागरिक बहसों में कथित बौद्धिक श्रेष्ठता के आधार पर नहीं, बल्कि समाज को बदलने और सार्वजनिक हित की रक्षा करने का प्रयास करने वालों के साथ संवाद में, सम्मिलित होता है;
- एक **सामान्य समाजशास्त्र** जो अति–विशेषज्ञता और विखंडन के जोखिमों का प्रतिरोध करता है और हमारे समय के जरूरी मुद्दों को संबोधित करता है;
- एक **वैश्विक समाजशास्त्र** जो दुनिया के विभिन्न हिस्सों के शोधकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से सीखता है कि 21वीं सदी की चुनौतियों को कैसे समझा जाए और उनका सामना कैसे किया जाए, और जो साझा मानवता की भावना के निर्माण में योगदान देता है।

>>

# "समाजशास्त्र एक सीमित ग्रह पर एक साथ रहने के लिए एक अनिवार्य उपकरण बन गया है"

हमारा दृढ़ विश्वास है कि सामाजिक विज्ञान और शैक्षणिक स्वतंत्रता लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं और इन्हें संरक्षित और प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

हमारा मानना है कि हमारे समय के संकटों को समझने और उनसे निपटने के लिए सूचित, ऐतिहासिक रूप से आधारित और समाजशास्त्रीय रूप से प्रासंगिक सार्वजनिक बहस अत्यंत महत्वपूर्ण है।

हम इस बात से आश्वस्त हैं कि समाजशास्त्र न केवल हमें विश्व को समझने में मदद करता है, बल्कि एक अधिक न्यायसंगत, रहने योग्य, शांतिपूर्ण और टिकाऊ भविष्य का निर्माण करने में भी मदद करता है।

जलवायु परिवर्तन, युद्ध, बढ़ती असमानता और घृणा के दौर में, समाजशास्त्र एक सीमित ग्रह पर एक साथ रहने का एक अनिवार्य साधन बन गया है।

**आईएसए के अध्यक्ष जेफ्री प्लीयर्स** द्वारा यह घोषणापत्र 6 जुलाई, 2025 को **रबात में आयोजित 5वें आईएसए समाजशास्त्र मंच** में प्रस्तुत किया गया। इसे आईएसए के पूर्व अध्यक्षों सारी हनफी, मार्गरेट अब्राहम और मिशेल विविओर्का का समर्थन प्राप्त है। यह आईएसए के वर्तमान उपाध्यक्षः एलिसन लोकोंटो, बंदना पुरकायस्थ, एलिना ओइनास और मार्टा सोलर, के साथ ही यूरोपीय समाजशास्त्र संघ के अध्यक्ष काजा गाडोवस्का, और लैटिन अमेरिकी समाजशास्त्र संघ के अध्यक्ष जीसस डियाज, और लैटिन अमेरिकी सामाजिक विज्ञान परिषद (सीएलएसीएसओ) के अध्यक्ष पाब्लो वोमारो द्वारा भी समर्थित है। ■

रबात, जुलाई 2025



हम व्यक्तिगत समाजशास्त्रियों और व्यापक सामाजिक विज्ञान समुदाय के सदस्यों से समर्थन प्राप्त करते हैं। प्रतिबद्धता और एकजुटता के इस सामूहिक वक्तव्य में अपना नाम जोड़कर, *यह फॉर्म भरकर* हमसे जुड़ें।

International Sociological Association